दिन– गुरूवार दिनांक– 28/05/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन टी ए ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सीयूईटी – यूजी दो हजार छब्बीस परीक्षा की संशोधित तिथियां और प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। एनटीए के अनुसार परीक्षाएं अब इकतीस मई, छह तथा सात जून को आयोजित की जाएंगी। आज होने वाली परीक्षा ईद–उल–अज़्हा के कारण पुनर्निर्धारित की गई थी। एनटीए ने बताया कि रविवार को परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं और इन्हें एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट cuet.nta.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। छह और सात जून को परीक्षा देने वाले शेष उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र जल्द ही जारी किए जाएंगे।

————————————————————

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि सीबीएसई की कक्षा बारहवीं की परीक्षा मूल्यांकन प्रक्रिया में कुछ कमियां आने के बाद अब पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नई दिल्ली में सी बी एस ई अधिकारियों के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में श्री प्रधान ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी विद्यार्थियों की शिकायत का समाधान किया जाए और सभी स्तरों पर जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। अनियमितताओं की जिम्मेदारी लेते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि इन कमियों को दूर किया जाएगा और उचित समाधान निकाले जाएंगे। उन्होंने कहा कि ऑन–स्क्रीन मार्किंग–ओ एस एम एक प्रगतिशील प्रणाली है। भारत के कई विश्वविद्यालय और संस्थान, साथ ही विश्व भर के कई संस्थान इस प्रणाली को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब सी बी एस ई ने देश में इस प्रणाली को लागू किया है। श्री प्रधान ने बताया कि लगभग चार करोड़ स्कैन किए गए पृष्ठों का मूल्यांकन पहली बार सी बी एस ई द्वारा ओएसएम प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की इकतीस तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की

एक सौ चौतीसवीं कड़ी होगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

———————————————————————

कुर्बानी का त्योहार बकरीद आज मनायी जा रही है। ईद उल अजहा यानि बकरीद हज़रत इब्राहिम और उनके बेटे हजर ईस्माइल की कुर्बानी की याद में मनाई जाती है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में खास नमाज अदा की गयी है। राजधानी पटना स्थित गांधी मैदान में भी आज सुबह खास नमाज अदा की गयी। इधर, बकरीद को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है। बकरीद के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधा कृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैय्यद अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

मौसम विभाग ने मधुबनी, शिवहर और सीतामढ़ी जिले के कुछ भागों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। इस दौरान पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। इघर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर जिले का भभुआ बयालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस के अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————

वज्रपात की अलग—अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गयी। पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या—बारह में घर का हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की मलवे में दबकर मौत हो गयी। वहीं, पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में तेज आंधी और बारिश के दौरान कच्चे मकान के ऊपर एक पेड़ गिरने से एक महिला की मौत हो गयी। जबकि उनकी बेटी और दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी तरफ, भागलपुर जिले के गौराडीह प्रखंड के भोजपुर गांव में तेज आंधी और बारिश के दौरान बिजली का पोल गिरने से एक महिला की मौत हो गयी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हादसे पर शोक जताते हुये मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

मधुबनी रेलवे स्टेशन पर खड़ी अंत्योदय ट्रेन के एक डिब्बे में आज सुबह आग लगने की घटना हुयी। सूचना मिलते ही स्थानीय रेल प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।